# सेन्ट जॉन्स में मनाया गया तीसवाँ राष्ट्रिय सड़क सुरक्षा सप्ताह

आज दिनाँक14-02-19 को सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री मेरठ कैंट , मे परिवहन विभाग तथामिशिका सोसायटी की ओर से तीसवाँ राष्ट्रिय सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस॰पी॰ सिटि कुमार रणविजय सिंह जी रहे। कार्यक्रम मे विशेष सम्मानीय अतिथि के रूप में प्रधानाचार्या श्रीमती चन्द्रलेखा जैन तथा अन्य परिवहन विभाग के अधिकारी गण रहे। इस कार्यक्रम मे शहर के कई स्कूलों ने भाग लिया। जिसमे कई प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे- रंगोली , चित्रकला, भाषण तथा नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। इन प्रतियोगिताओं मे पहले , दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कर तथा प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे सेंट जेवीयर्स , पुलिस मार्डन स्कूल , T.A.P.S तथा सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर एस॰पी॰ सिटि कुमार रणविजय सिंह ने सभी नगर वासियों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की तथा कहा हमे मेरठ को सुरक्षित यातायात की व्यवस्था देनी हैं। श्रीमती चन्द्रलेखा जैन कहा की जब हम सब यातायात के नियमों का पालन करेंगे तो ही हर नागरिक सुरक्षित अपने घर पहुँच सकेगा। कार्यक्रम मे सुनील शर्मा एव अमित नागर उपस्थित रहे।